# कार्यालय प्राचार्य
## शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

रजबंधा मैदान, रायपुर फोन 0771 2222990

www.govtdentalcollegeraipur.in / Email-govdentalcollege@gmail.com (GST- 22JBPS02579D1D2)


क्र./ 3847 /क्रय/जीडीसी/2026 रायपुर, दिनांक 17/8/2026

## //तृतीय निविदा सूचना//

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के **प्रोस्थोडोन्टिक्स एवं अन्य विभागों** में लगने वाले डेन्टल मटेरियल, कंज्युमेबल, डिस्पोजेबल एवं अन्य आवश्यक सामग्रीयों के क्रय हेतु मोहरबंद निविदायें, निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं (Manufacturer, Dealers or sub-dealers) से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र महाविद्यालय की वेबसाईट www.govtdentalcollegeraipur.in से डाउनलोड किये जा सकते है। इसके लिये राशि रूपये 500/- का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाम से देय हो संलग्न करना अनिवार्य है अथवा दिनांक **21/08/2026**, सायं 5:30 बजे तक राशि रू. 500/- नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट जमा कर महाविद्यालय से प्राप्त किये जा सकते है, जो वापसी योग्य नहीं होगी। विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रमांक | सामग्रीयो का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 1 | डेन्टल मटेरियल, कंज्युमेबल, डिस्पोजेबल एवं अन्य आवश्यक सामग्री | 20 लाख | 20 हजार |

| | |
|---|---|
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि | 21/08/2026 समय 5.30 बजे सायंकाल तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 24/08/2026 समय 5.30 बजे सायंकाल तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 25/08/2026 समय दोपहर 12.30 बजे |
| निविदा जमा करने का स्थान | शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर |
| निविदा खोलने का स्थान | शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर |

Digitally signed by
Dr Virendra Vadher
Date: 17-08-2026
12:18:53

प्राचार्य
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय
रायपुर (छ0ग0)

D:\Purchase 26-27\Tender DM & Instrument 2025-26\Tender 3 Prosthodontics 2026-27\Tender Advt. file & letter 2026-27.doc

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
रजबंधा मैदान, रायपुर फोन 0771 2222990
www.govtdentalcollegeraipur.in / Email-govdentalcollege@gmail.com (GST- 22JBPS02579D1D2)

क./ 3847 /क्रय/जीडीसी/2026 रायपुर, दिनांक 17/8/2026

# //तृतीय निविदा प्रपत्र//

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के **प्रोस्थोडोन्टिक्स एवं अन्य विभागों** के उपयोग के लिये डेन्टल मटेरियल, कंज्युमेबल, डिस्पोजेबल एवं अन्य आवश्यक सामग्री के क्रय हेतु निर्माताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत विक्रेताओं (Manufacturer, Dealers or sub-dealers) से दो सील बंद लिफाफा **1. सुरक्षा निधि एवं प्री क्वालीफिकेशन बिड 2. प्राईज बिड** में निविदा आंमत्रित की जाती है। प्री–क्वालीफिकेशन बिड में सफल निविदाकर्ताओं के प्राईज – बिड खोले जायेगें।

**लिफाफा–1 (सुरक्षा निधि एवं प्री क्वालीफिकेशन बिड )**

1. निविदा के साथ रूपये 20,000=00 (रू. बीस हजार मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी बैंक डिमांड ड्राफ्ट/बेंकर्स चेक जो प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाम देय हो, जमा किया जाना अनिवार्य है।
2. निविदाकर्ता का वाणिज्य कर विभाग में पंजीयन होने का जीवित प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं नवीन सेल्स/जीएसटी क्लीयरेन्स सर्टिफिकेट।
3. निविदाकर्ता का पिछले दो वर्षों का टर्न ओव्हर कुल रूपये **20 लाख** का, जो सी.ए. अथवा बैंक द्वारा सत्यापित हो संबंधी प्रमाण पत्र।
4. पिछले दो वर्षों मे निविदाकर्ता द्वारा किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था मे सामग्री प्रदाय हेतु जारी आदेश की प्रति तथा संस्था द्वारा जारी परफारमेंस सर्टिफिकेट।
5. कोट किये जाने वाले डेन्टल मटेरियल, कंज्युमेबल, डिस्पोजेबल एवं अन्य आवश्यक सामग्रीयों के निर्माता कंपनी का वैध अधिकार पत्र, जो चालू वर्ष का हो, की प्रति जमा करना अनिवार्य है।
6. कोट किये जाने वाले डेन्टल मटेरियल, कंज्युमेबल, डिस्पोजेबल एवं अन्य सामग्री का भारतीय मानक ब्यूरो (बी.आई.एस.)/आई.एस.आई./सी.ई./एफ.डी.ए. द्वारा जारी अथवा समतुल्य (Quality Assurance Certificate) प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
7. सामग्रियों की दरें भारतीय रूपयों मे देने होंगे। GST% अलग से उल्लेख किये जायेगे।
8. कोट किये जाने वाले डेन्टल मटेरियल, कंज्युमेबल, डिस्पोजेबल एवं अन्य सामग्रीयों की सूची (निविदा में दिये गये सूची क्रमांक अनुसार) तथा Catlogue/Literature यदि कोई हो तो प्रस्तुत किये जायेगे।
9. निविदा की समस्त शर्तें स्वीकार्य (Acceptance of all terms & conditions) संबंधी तथा फर्म के ब्लैक लिस्टेड नहीं होने इत्यादि संबंधी निर्धारित प्रारूप में रूपये 50/–मूल्य के स्टाम्प पेपर में शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**लिफाफा–2 ( प्राईज बिड )**

1. दर, भारतीय रूपये में निम्न प्रारूप में दिया जाये–

| सरल क्रमांक | प्रोडक्ट का नाम | निर्माता कंपनी | पेक साईज /पेकिंग | बेसिक मूल्य | टैक्स % (GST/CST) | कुल कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|

**नोटः– निर्धारित प्रारूप में ही दर दिया जाना अनिवार्य है।**

निविदा की शर्तें :–

1. **निविदा में प्राप्त दर की वैधता, 01 वर्ष के लिये रहेगी।** इस हेतु संबंधित फर्म से **नान ज्युडिशियल स्टाम्प में अनुबंध किया जावेगा।**
2. निविदा कमांक 2703, दिनांक 11/06/2026 एवं 3445, दिनांक 28/07/2026 में प्रस्तुत किये गये निविदाकारों के निविदा प्रपत्र एवं समस्त दस्तावेज मान्य किये जायेंगे इस हेतु संबंधितों को निर्धारित समयावधि तक निविदा प्रपत्र शुल्क के साथ सहमति/आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा।
3. प्रदाय किये जाने वाले डेन्टल मटेरियल, कंज्युमेबल, डिस्पोजेबल एवं अन्य सामग्रीयों की एक्सपायरी तिथि कम से कम एक वर्ष की होनी चाहिए, अन्यथा स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
4. कयादेश जारी होने के पूर्व संबंधित विभाग द्वारा सामाग्री की गुणवत्ता परीक्षण हेतु मंगाये जाने पर सेंपल परीक्षण करवाने की जवाबदारी संबंधित फर्म की होगी जिसके लिये कोई अतिरिक्त राशि भुगतान नहीं की जावेगी।
5. आदेशित डेन्टल मटेरियल, कंज्युमेबल, डिस्पोजेबल एवं अन्य आवश्यक सामग्री शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के सेंट्रल स्टोर तक पहुचाना होगा। जिसके लिये कोई अतिरिक्त राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा।
6. किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर को होगा, जिसका कारण बताने के लिये कार्यालय बाध्य नहीं है। निविदाकार की कोई भी शर्तें मान्य नहीं की जावेगी।
7. निविदा प्रपत्र महाविद्यालय की वेबसाईट www.govtdentalcollegeraipur.in से डाउनलोड किये जायेगें। इसके लिये राशि रूपये 500/– का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाम से देय हो संलग्न करना अनिवार्य है अथवा दिनांक **21/08/2026,** सायं 5:30 बजे तक राशि रू. 500/– नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट जमा कर महाविद्यालय से प्राप्त किये जा सकते है, जो वापसी योग्य नहीं होगी।
8. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि **24/08/2026** सायं 05:30 बजे तक नियत है। इसके पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा ।
9. निविदा का प्री–क्वालीफिकेशन बिड दिनांक **25/08/2026** को दोपहर 12:00 बजे शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) में खोला जायेगा। निविदाकार या उनके प्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित हो सकते है।
10. समस्त क्रय प्रकिया छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम 2002 (यथा संशोधित 2022 व अद्यतन प्रावधान) के अनुसार शासित होंगे।

Digitally signed by
Dr Virendra Vadher
Date: 17-08-2026
12:20:52

प्राचार्य
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

# शपथ पत्र का प्रारूप

(रूपये 50/— नान ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर)

मैं ........................................................जो कि फर्म..................................................................................................

पता ........................................................................... के प्रोपराईटर (कंपनी/फर्म के हैसियत) है और फर्म की ओर से शपथ पत्र प्रस्तुत करने के लिये सक्षम है यह शपथ पत्र द्वारा शपथ पूर्वक यह प्रमाणित करते है कि कार्यालय प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक दिनांक सामाग्री का नाम.................................... इत्यादि के निविदा के बारे में प्रस्तुत किया जा रहा है। मेरे द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ जो जानकारी एवं प्रमाण पत्र/अभिलेख/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है वह सत्य एवं सही है। एतद् संबंधी जानकारियों अभिलेखों एवं प्रमाण पत्रों की सत्यता के लिए मैं पूर्ण रूप से उत्तरदायी रहूंगाः—

1. यह कि निविदा प्रपत्र में दी गई जानकारी तथा संलग्न किये गये समस्त दस्तावेज पूर्णतः सत्य एवं प्रमाणित है।
2. यह कि मेरे —
   (अ) प्रोसेसिंग फीस एवं ई.एम.डी. के रूप में जमा की गई एफ.डी.आर/डिमाड ड्राफ्ट अन्य संबंधित दस्तावेज जो बैंक के द्वारा प्रदाय किये गये है वह संबंधित बैंक से प्रमाणित है।
   (ब) वित्तीय अर्हतायें एवं वार्षिक टर्नओव्हर की जानकारी सही है।
   (स) विभिन्न भौतिक अर्हताओ की जानकारी सही है।
3. मैं भारत सरकार/अन्य राज्यों के राज्य सरकार/राज्य सरकार के किसी भी विभाग में काली सूची में सम्मिलित नहीं हूँ/है या डिबार नही किया गया हूं/है।
4. यह कि आपके विभाग/संस्था में मेरे/हमारी फर्म/कंपनी के सदस्यों का कोई निकट रिश्तेदार कार्यरत नहीं है।
5. यह कि मेरे/हमारे/फर्म के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण कही भी पंजीबद्ध नही है।
6. यह कि निविदा प्रपत्र में अंकित सामाग्रियों की दरे भारतीय रूपयों में है।
7. यह कि कोट किये जाने वाले डेन्टल मटेरियल, कंज्युमेबल, डिस्पोजेबल एवं अन्य सामग्रीयों का भारतीय मानक ब्यूरो (बी.आई.एस.)/आई.एस.आई./सी.ई./एफ.डी.ए. द्वारा जारी अथवा समतुल्य (Quality Assurance Certificate) प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है जो सही/सत्य है।
8. निविदा की समस्त नियम/शर्ते स्वीकार्य है।

प्रो./फर्म

नोटरी द्वारा सत्यपित — हस्ताक्षर मय सील